दिनांक : 05.03.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार पर बजट-पश्चात वेबिनार में भाग लेंगे।
- पंचायती राज मंत्रालय आज से महिलाओं के अनुकूल ग्राम पंचायत मॉडल की करेगा शुरुआत।
- शासकीय उचित मूल्य दुकान बनेगी जन पोषण केंद्र, शुरुआत इंदौर में 30 दुकानों से।
- ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची।

प्रधानमंत्री-वेबीनार रोजगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार पर बजट-पश्चात वेबिनार में भाग लेंगे। वेबिनार के प्रमुख विषयों में लोगों में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार शामिल हैं। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों को भी संबोधित करेंगे। वेबिनार में विचार-विमर्श का उद्देश्य टिकाऊ और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करना, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में काम करने वाले एक कुशल, स्वस्थ कार्यबल का निर्माण शामिल है। इससे पहले, कल बजट पर एक अन्य सेमीनार में श्री मोदी ने उद्योग जगत में बढ़ते विश्वास की चर्चा की।

ग्राम पंचायत- महिला

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में महिलाओं के अनुकूल ग्राम पंचायत मॉडल की शुरूआत करेगा। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का एक हिस्सा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक महिला-अनुकूल ग्राम पंचायत स्थापित करना है। यह लैंगिक-संवेदनशील और बालिका-अनुकूल शासन प्रथाओं के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में कार्य करेगा। कार्यक्रम में पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल तथा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

वेव्स- ड्रोन

वेव्स इंडिया ए बर्ड्स आई व्यू चैलेंज, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का हिस्सा है। इस चैलेंज में ड्रोन पायलट और फिल्म निर्माताओं को हवाई छायांकन के माध्यम से भारत की लुभावनी सुंदरता और विविधता प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रतिभागियों को देश के परिदृश्य, विरासत और सजीव जीवन को विहंगम दृष्टिकोण से प्रदर्शित करने वाला 2 से 3 मिनट का वीडियो बनाने का काम सौंपा गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के इस चैलेंज में 15 फरवरी तक 956 पंजीकरण हो चुके थे।

यूनियन कार्बाईड कचरा

उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार भोपाल की यूनियन कार्बाईड फैक्ट्री के कचरे का द्वितीय ट्रायल रन आज से शुरू हो सकता है। इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि यूनियन कार्बाईड के अपशिष्ट का प्रथम ट्रॉयल 3 मार्च तक किया गया. इसके बाद इन्सीनरेटर को कूलिंग के लिये छोड़ा गया, जिसमें लगभग 18 से 20 घंटे का समय लगता है। इन्सीनरेटर की गैसों की क्लीनिंग, बैग फिल्टर की सफाई के कारण द्वितीय ट्रॉयल रन आज शाम तक प्रारंभ होने की संभावना है।

इंदौर जन पोषण केंद्र

इंदौर जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को राशन के साथ ही दुग्ध उत्पाद और अन्य पोषण सामग्रियाँ भी उचित मूल्य पर देने की व्यवस्था शुरू की जा रही हैं। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश में पहली बार यह व्यवस्था इंदौर से प्रारंभ हो रही है। खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग के जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले में 30 चिह्नित मूल्य दुकानों पर "जन पोषण केंद्र" की स्थापना की जा रही है। जन पोषण योजना का मुख्य उद्देश्य उचित मूल्य दुकान पर उपभोक्ताओं को राशन के साथ-साथ पोषण सामग्री आसानी से उपलब्ध कराना है।

ग्वालियर शक्ति दीदी

ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में "शक्ति दीदी" के नाम से प्रेरणादायी पहल हुई है। इस पहल के तहत जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। आज "शक्ति दीदी" पहल के तहत सात जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। ज्ञात हो कि शक्ति दीदी के तहत पहले से ही शहर में 19 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं।

मेट्रो ट्रायल

भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एम्स के बीच पहली बार मेट्रो दौड़ी। इसकी स्पीड़ 10-20 किलोमीटर प्रतिघंटा की रही। तीन किलोमीटर की दूरी सिर्फ 12 मिनट में पूरी हुई। इस रूट पर मेट्रो का ट्रायल कल सफल रहा।

इससे पहले चार किमी लंबे सुभाषनगर से आरकेएमपी के बीच मेट्रो का ट्रायल पहले ही हो चुका है। दरअसल, मेट्रो का ऑरेंज लाइन का प्रायोरिटी रूट सुभाषनगर से एम्स तक करीब सात किमी है। मेट्रो कॉरपोरेशन के अफसरों ने बताया कि आरकेएमपी से एम्स के बीच मेट्रो की स्पीड अब बढ़ेगी। अधिकतम स्पीड 90 किमी प्रतिघंटा तक पहुंचेगी। रात में भी टेस्टिंग होगी।

क्रिकेट

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। दुबई में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत को जीत के लिए 265 रन का लक्ष्य दिया जवाब में भारतीय टीम ने 48 ओवर 1 गेंद में 6 विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीत लिया। विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाये और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

दूसरे सेमीफाइनल में आज लाहौर में न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। जीतने वाली टीम का रविवार को फाइनल में भारत से मुकाबला होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में अभी तक 5 लाख 17 हजार 632 किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। गेहूं की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में 15 मार्च से 5 मई तक होगी। गेहूं की खरीदी 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जायेगी।
- विज्ञान और प्रोद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह एवं इंदौर के सांसद शंकर लालवानी द्वारा दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में 15 स्टार्टअप्स को 5 करोड़ रुपये की फंडिंग दी गई है।
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भोपाल में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया।
- ओरछा में एक अप्रैल से सिंगल यूज़ प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित किया जा रहा है। कलेक्टर ने आम लोगों से वैकल्पिक साधन अपनाने की अपील की है।
- रतलाम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत हितग्राही चयन के लिए सम्मेलनों का सिलसिला आज 5 मार्च तक जारी रहेगा।

- रायसेन स्थित वन परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्काई सोशल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- डिंडोरी जिले में शासकीय दफ्तरों में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली लागू करने के सिलसिले में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को ई-ऑफिस पोर्टल से काम करने के लिये प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- खरगोन नगरपालिका द्वारा राजस्व वसूली के तहत अब तक 65 बकायादारों के नल कनेक्शन काटे गए हैं।
- मंदसौर में सांसद सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई।
- पन्ना कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कल 27 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए।
- सिंगरौली जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह को नईदिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कल सशक्त पंचायत नेत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सिंहस्थ महापर्व 2028 के लिए तैयार की गई आध्यात्मिक नगरी योजना का प्रेजेंटेशन उज्जैन के 13 अखाड़ों के साधु संतों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। योजना से साधु संतों को पावर प्रजेंटेशन के जरिए अवलोकन कराया गया।
- नरसिंहपुर जिले में तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल यात्रियों से भरी बस बेकाबू होकर खाई में पलट गई। इस हादसे में 10 यात्री घायल हो गए।

-------